हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 30 अगस्त 2026





B.M. COLLEGE
(हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से संबद्ध)
•BA •DCA
•B.Com •BCA
•BBA •PGDCA
•B.Ed. (Code-114336)
न्यूनतम फीस (किस्तों में) स्कॉलरशिप सुविधा
अंतिम तिथि : 31/08/26
गोकुल नगर, पुलगाँव, दुर्ग (छ.ग.)
9098849923, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप

### कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 तक

**बिलाईगढ़।** राज्य कुछ शासकीय और निजी महाविद्यालयों में अभी भी सीटें रिक्त हैं, वहां छात्र अब 31 अगस्त 2026 तक दाखिला ले सकेंगे। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को बड़ी राहत है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉलेजों में प्रवेश अंतिम तिथि तक ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत प्राचार्य स्तर पर प्रवेश की समय सीमा 31 जुलाई तक और कुलपति की अनुमति से 14 अगस्त तक तय की गई थी, लेकिन अंतिम तिथि बीतने के बाद भी कई महाविद्यालयों में सीटें खाली रह गई थीं और दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले कई अभ्यर्थी समय पर आवेदन नहीं कर पाए थे। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने तिथि विस्तार का यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### रक्तदान शिविर आज

**बंगोली।** ग्राम मूरा में 30 अगस्त को ग्राम पंचायत भवन में 10 से 5 बजे तक निःशुल्क रक्त दान शिविर एवं अन्य जॉच शिविर का आयोजन किया गया है। निःशुल्क रक्तदान शिविर आयोजन में रेशम वर्मा, खूबचंद वर्मा, पंचम साहू, नंदकिशोर पाल, परसु साहू, लकेश्वर कोसले, मंतराम साहू, रिंकू गायकवाड़, सुनिल सारंग, डॉ भगवती साहू एवं समस्त क्रेशर मालिकगण शामिल होंगे। निःशुल्क रक्तदाता को सम्मान स्वरुप हेलमेट, कॉलेज बैग तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

### मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण आज

**खरोरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें संस्करण का प्रसारण रविवार, 30 अगस्त को होगा। इस अवसर पर खरोरा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति विशेष आमंत्रित सदस्य एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी डॉ. अमीन खान के निवास स्थान पर सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे, सुरजी कुआं स्थित अमन हॉस्पिटल, स्कूल के पास डॉ. अमीन खान के निवास पर होगा। आयोजकों ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर 'मन की बात' का श्रवण करने अपील की है।

**लोकार्पण : ग्राम चांपा में स्कूल के नवनिर्मित सभाकक्ष का किया लोकार्पण**

# जुनून को हकीकत में बदलने कड़ी मेहनत जरूरी : राज्यपाल डेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका शनिवार को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम चांपा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सभाकक्ष लोकार्पण एवं शिक्षक-मेधावी छात्र सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय परिसर में नवनिर्मित सभाकक्ष का विधिवत लोकार्पण किया।

इस दौरान वरिष्ठ शिक्षकों, कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों तथा पीएटी में चयनित विद्यार्थियों को शाल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, 'हम होंगे कामयाब' अभियान के तहत रोजगार प्राप्त करने वाले नौ युवाओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि विद्यालय में निर्मित सभाकक्ष में सांस्कृतिक, शैक्षणिक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच आत्मीय संबंध होना जरूरी है। शिक्षक अपने आचरण ⏩ शेष पेज 11 पर

**वरिष्ठ शिक्षक और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान**





### मोबाइल और सोशल मीडिया के सीमित उपयोग की सलाह

राज्यपाल ने विद्यार्थियों में मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मोबाइल का उपयोग आवश्यक कार्यों के लिए ही किया जाना चाहिए और मनोरंजन में अपना बहुमूल्य समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। सोशल मीडिया और एआई से जानकारी तत्काल प्राप्त हो जाती है, लेकिन इनके अत्यधिक उपयोग से आलस्य बढ़ने की संभावना रहती है। इसलिए विद्यार्थियों को तकनीक का उपयोग आवश्यकता और विवेक के अनुसार करना चाहिए।

### चांपा में राज्यपाल का आगमन गौरव का दिन : टंकराम वर्मा

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि चांपा जैसे छोटे गांव में राज्यपाल का आगमन ऐतिहासिक और गौरव का अवसर है। उन्होंने अपने बचपन और स्कूली जीवन की स्मृतियां साझा करते हुए कहा कि उन्हें इस ग्राम की मिट्टी से अगाध प्रेम है और इसके विकास के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने, उन्हें सही रास्ता दिखाने और समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि कड़ी मेहनत का परिणाम है। विद्यार्थियों को असफलता से घबराने के बजाय उसका सामना करना चाहिए, क्योंकि असफलता हमें आगे बढ़ने का साहस देती है। समारोह को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

### इन्हें किया गया सम्मानित

राज्यपाल के हाथों सम्मानित होने वालों में सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं शिक्षाविद एसएम पाध्ये, डॉ. निशा झा, डॉ. डीएन राय एवं भूषण धुरंधर शामिल रहे। विद्यार्थियों में कक्षा 12वीं के स्टेट टॉपर जिज्ञासु वर्मा एवं साक्षी वर्मा तथा कक्षा 10वीं के अमित कुमार टंडन को सम्मानित किया गया। पीएटी में चयनित प्रवीण डहरिया, ममता साहू एवं मयंक वर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामवासी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### धान से बनी राखी पहनाई

राज्यपाल ने विद्यालय परिसर में बिहान की आजीविका दीदियों द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने महिलाओं से उत्पादों के बारे में जानकारी ली और उनके हुनर की सराहना की। इस दौरान बिहान की दीदियों ने धान के बीज और चावल से तैयार आकर्षक राखी राज्यपाल को पहनाई।



## मदार की थाप और भोजली गीतों के साथ हुआ भोजली विसर्जन

**मुंडा।** आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में शनिवार को मदार की थाप पर भोजली गीत गाते हुए हुआ भोजली विसर्जन ज्ञात हो पुरानी परंपरा का निर्वाहन करते हुए भोला वर्मा, पारस वर्मा के यहां सावन मास के पंचमी तिथि को भोजली बोया गया था जिसे भोजली माता को रक्षाबंधन के दिन राखी चढ़ाया गया और 10 दिन तक शाम होते ही भोजली गीत गाकर सेवा किया और भादो लगते ही विसर्जन के लिए बाजेगाजे के साथ देवी गंगा देवी गंगा भोजली गीत गाते हुए नया तालाब में एक साथ जाकर भोजली विसर्जन किया गया और प्रसाद वितरण किया गया जिसमें सम्मिलित भोलाराम वर्मा, सुखी वर्मा, चंद्रेश वर्मा, मुकेश वर्मा, सोनू वर्मा, दिनेश वर्मा, उमाशंकर वर्मा, कामता मानिकपुरी सहित गांव के लोग सम्मिलित रहे।

# गांजा तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ तिल्दा-नेवरा



ऑपरेशन 'निश्चय' के तहत तिल्दा-नेवरा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी अपने साले के साथ मिलकर गांजा के अवैध कारोबार में शामिल था और साले की गिरफ्तारी के बाद फरार हो गया था।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम जलसों निवासी जागेश्वर पारधी अवैध रूप से गांजा का परिवहन कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे 1 किलो 200 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 60 हजार रुपए है, के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। मामले की विवेचना और पूछताछ में जागेश्वर ने पुलिस को बताया कि गांजा के क्रय-विक्रय और परिवहन में उसका जीजा पन्नालाल पारधी भी शामिल है। इसकी ⏩ शेष पेज 11 पर

# जेल में बंद कृष्णा पर नौकरी-सरेंडर के नाम पर 10 लाख रुपए ठगने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

**हरिभूमि लगातार**

फर्जी ट्रांसफर आदेश मामले में जेल में बंद और भाजपा से निष्कासित महामंत्री कृष्णा अवस्थी के खिलाफ एक के बाद एक शिकायतें सामने आ रही हैं। अब शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय, जारा में पदस्थ कर्मचारी मेघनाथ बंजारे ने कृष्णा



अवस्थी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर बेटे की सरकारी नौकरी लगाने और स्वयं का ट्रांसफर कराने के नाम पर 10 लाख रुपए से अधिक की ठगी किए जाने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने अलग-अलग शासकीय विभागों के कथित फर्जी नियुक्ति पत्र और ऑनलाइन लेन-देन से जुड़े दस्तावेज भी पुलिस को सौंपे हैं।

शिकायत के अनुसार, मेघनाथ बंजारे ने अपने ट्रांसफर के लिए कृष्णा अवस्थी से संपर्क किया था। आरोप है कि ट्रांसफर कराने के नाम पर उनसे 30 हजार रुपए लिए गए। करीब 14 महीने तक ट्रांसफर नहीं होने के बाद जब उन्होंने रकम वापस मांगी तो उनके बेटे और परिचितों को सरकारी नौकरी लगाने का झांसा दिया गया।

### तीन युवकों को दिए नियुक्ति पत्र

पीड़ित का आरोप है कि नौकरी लगाने के नाम पर उसके बेटे और दो अन्य युवकों से रकम ली गई तथा बाद में अलग-अलग सरकारी विभागों के नियुक्ति पत्र दिए गए। इनमें संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म सहित अन्य विभागों के नियुक्ति पत्र शामिल हैं। शिकायतकर्ता ने इन दस्तावेजों को फर्जी बताया है। शिकायत में बताया गया है कि ठगी की रकम का एक बड़ा हिस्सा डिजिटल माध्यम से कृष्णा अवस्थी के पुत्र प्रणव अवस्थी के खाते में भेजा गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, अलग-अलग किस्तों में करीब 6 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा नकद भुगतान और चेक के माध्यम से भी राशि दिए जाने का आरोप लगाया गया है।

### मंत्रालय और कार्यालयों के चक्कर लगाने का आरोप

मेघनाथ बंजारे ने आरोप लगाया कि नियुक्ति पत्र मिलने के बाद नौकरी ज्वाइन कराने के नाम पर युवकों को मंत्रालय और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगवाए गए। कभी संबंधित अधिकारी के नहीं मिलने तो कभी बाद में आने की बात कहकर वापस भेज दिया जाता था। करीब एक साल तक आश्वासन मिलने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो पीड़ित ने रकम वापस मांगी।

### पुलिस जांच से खुलेगा पूरा मामला

गौरतलब है कि कृष्णा अवस्थी पहले ही फर्जी ट्रांसफर आदेश तैयार कराने के मामले में जेल में बंद हैं। इस मामले में भाजपा ने उन्हें छह साल के लिए निष्कासित किया है। अब सामने आई शिकायत में पीड़ित ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की है। शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।




**- निधन के बाद भी अमर रहीं कमला मोटवानी**

# मरकर भी रोशनी बांट गईं कमला मोटवानी, बेटों ने कराया नेत्रदान

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ तिल्दा नेवरा

सिंधी कैंप निवासी 68 वर्षीय कमला मोटवानी अब इस दुनिया में नहीं रहीं, लेकिन उनकी आंखें उनके जाने के बाद भी किसी जरूरतमंद के जीवन में उजाला बनकर रहेंगी। कमला मोटवानी ने जीवन रहते ही मरणोपरांत अपनी आंखें दान करने का संकल्प लिया था। उन्होंने नरेश मित्र मंडल के माध्यम से नेत्रदान के लिए फॉर्म भरकर अपनी अंतिम इच्छा व्यक्त की थी। शनिवार को कमला मोटवानी का निधन हुआ तो उनके बेटों ने मां की इच्छा को सर्वोपरि रखते हुए उनका नेत्रदान कराया। इस तरह कमला मोटवानी ने अपने



जीवन की अंतिम विदाई भी समाज के लिए एक प्रेरणादायी संदेश के साथ ली। कमला मोटवानी की आंखें अब उन जरूरतमंद नेत्रहीन लोगों के जीवन में रोशनी ला सकती हैं, जो दुनिया को देखने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।उनका शरीर भले ही पंचतत्व में विलीन हो जाएगा, लेकिन उनकी आंखों से किसी दूसरे के जीवन में दुनिया देखने का उजाला कायम रहेगा।

- मां की अंतिम इच्छा पूरी करने वाले उनके बेटों के इस निर्णय की सराहना की जा रही है। कमला मोटवानी का नेत्रदान समाज के लिए प्रेरणादायी संदेश है कि मृत्यु के बाद भी मानव सेवा की जा सकती है। नेत्रदान न केवल कमला मोटवानी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

### बेटों ने निभाया फर्ज समाज के लिए बनीं मिसाल

सचमुच, इससे बड़ा दान और क्या हो सकता है। जीते जी इंसान अपने परिवार और समाज के लिए बहुत कुछ करता है, लेकिन मृत्यु के बाद भी किसी के जीवन में रोशनी बनकर जीवित रहना अपने आप में महान मानव सेवा है। कमला मोटवानी का नेत्रदान समाज को यह संदेश देता है कि जीवन की अंतिम सांस के बाद भी इंसान किसी के लिए उम्मीद और उजाले की वजह बन सकता है।

नेपाल आपदा को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार ने बढ़ाई निगरानी

# छत्तीसगढ़ से नेपाल गए 9 में से 7 सुरक्षित, 2 अभी भी लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से बने गंभीर हालात के बीच छत्तीसगढ़ से नेपाल गए 9 लोगों की जानकारी अब तक सामने आई है। इनमें से 7 नागरिक सुरक्षित हैं, वहीं 2 अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

सुरक्षित लोगों में 5 रायपुर लौटने के लिए रवाना हो चुके हैं, वहीं अन्य दो से उनके परिजनों का संपर्क हो चुका है। जो लापता हैं, उनमें एक बिलासपुर और दूसरा सरगुजा क्षेत्र का निवासी है। इन दोनों का भी पता लगाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य सरकार नेपाल में मौजूद छत्तीसगढ़ के नागरिकों की लगातार जानकारी जुटा रही है। इसके लिए सरकार ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।

### बिलासपुर की प्रियंका और सरगुजा की डॉ. मीना अब भी लापता

बिलासपुर निवासी 39 वर्षीय प्रियंका चौधरी की नेपाल में लापता होने की सूचना है। वे फिनलैंड की नागरिक हैं। उनके परिजनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर प्रशासन संबंधित एजेंसियों के संपर्क में है और उनकी सुरक्षित तलाश के प्रयास जारी हैं। इसी प्रकार सरगुजा निवासी डॉ. मीना गुप्ता, जो यूनाइटेड किंगडम की नागरिक हैं, वे भी नेपाल में लापता हैं। उनका अंतिम ज्ञात स्थान रसुवागढ़ी इमिग्रेशन कार्यालय नेपाल-चीन सीमा बताया गया है। उनकी स्थिति की जानकारी जुटाने के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय किया जा रहा है।



### रायपुर के अन्य 5 लोग भी सुरक्षित

रायपुर माना क्षेत्र के दिनेश ओझा, प्रेम सिंह जगत, नारायण सेन, यतेंद्र प्रकाश और दिनेश सिंह ठाकुर के सुरक्षित होने की पुष्टि हुई है। ये पांचों 21 अगस्त को नेपाल भ्रमण पर गए थे। ये सभी रायपुर आने के लिए रवाना हो चुके हैं।

### मोनिका-मंजू दोनों सही सलामत, परिजनों से हुई बातचीत

रायपुर महादेवघाट निवासी मोनिका यादव 22 अगस्त को नेपाल गई थीं। नेपाल में बाढ़ के बाद उनके लापता होने तथा हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से परिवार से उसके संपर्क टूटने की सूचना सामने आई थी। सरकार ने मोनिका का पता लगाकर उसके परिवार से संपर्क कराया है। इसी प्रकार बिलासपुर की 65 वर्षीय मंजू राय चौधरी कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नेपाल गई थीं। परिजनों का मंजू से संपर्क नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब उसका अपने परिजनों से संपर्क हो गया है।

### हर सूचना पर सरकार की नजर

*आपदा के बीच राज्य सरकार, नेपाल में मौजूद छत्तीसगढ़ के नागरिकों की जानकारी जुटाने के साथ उनके परिजनों को भी आवश्यक सहयोग उपलब्ध करा रही है। जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के माध्यम से सूचनाओं का लगातार आदान-प्रदान किया जा रहा है। सरकार नेपाल प्रशासन और केंद्रीय एजेंसियों के साथ भी समन्वय बनाए हुए है। राज्य सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि नेपाल गए छत्तीसगढ़ के किसी नागरिक के संबंध में कोई जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि प्रभावित नागरिकों और उनके परिवारों की मदद के लिए हरसंभव प्रयास किए जा सकें।*

## लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन ने चलाया 'रक्षा सूत्र अभियान'



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाई-बहन के पवित्र प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा विशेष 'रक्षा सूत्र अभियान' चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से फाउंडेशन की महिला सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने समाज और देश की सुरक्षा में दिन-रात अपनी सेवाएं देने वाले पुलिस जवानों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आत्मीयता व्यक्त की। अभियान के अंतर्गत रायपुर जिले के विभिन्न थानों में पहुंचकर पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा गया। महिला सदस्यों ने पुलिसकर्मियों को अपना भाई मानते हुए राखी बांधी और उनके स्वस्थ, सुरक्षित एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

पुलिस जवानों ने भी इस आत्मीय पहल की सराहना करते हुए बहनों के प्रति अपना स्नेह और सुरक्षा का विश्वास व्यक्त किया। लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन का यह अभियान केवल राखी बांधने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज और सुरक्षा व्यवस्था के बीच भावनात्मक एवं मानवीय संबंधों को मजबूत करने की एक सार्थक पहल के रूप में सामने आया। फाउंडेशन की बहनों ने संदेश दिया कि पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर रहकर भी आम नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाते हैं। ऐसे में रक्षाबंधन के अवसर पर उनके साथ भाई-बहन का रिश्ता जोड़ना उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक छोटा, लेकिन भावपूर्ण प्रयास है। रायपुर जिले से आगे बढ़ते हुए रक्षा सूत्र अभियान का विस्तार राजिम एवं धमतरी जिले तक भी किया गया। अभियान से जुड़ी टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों तक पहुंचकर राखी बांधी और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पुलिसकर्मियों और फाउंडेशन की महिला सदस्यों के बीच आत्मीय संवाद भी हुआ।

### सरकारी अस्पतालों में अब तक नहीं पहुंचे एच1एन1 के संक्रमित

# वायरल-स्वाइन फ्लू के लक्षण एक समान, निजी अस्पतालों से संक्रमण की पॉजिटिव रिपोर्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदलते मौसम के बीच मौसमी बीमारी के साथ स्वाइन फ्लू जैसी संक्रामक बीमारी का खतरा भी बढ़ा हुआ है। दिलचस्प बात ये है कि एच1एन1 के पॉजिटिव मरीज सरकारी अस्पताल से रिपोर्ट नहीं हुए हैं। सर्दी-बुखार की समस्या गंभीर होने पर मरीज प्रायवेट अस्पताल जा रहे हैं, जहां जांच के दौरान उन्हें पॉजिटिव पाया गया है। राज्य में स्वाइन फ्लू के एक्टिव मरीजों की संख्या 20 के करीब हो गई है, जिनमें 6 केस रायपुर से संबंधित हैं।

राजधानी समेत प्रदेश में इन दिनों बारिश के बीच इंफ्लूएंजा समूह के मौसमी वायरस की ताकत बढ़ी हुई है। थोड़ी-सी लापरवाही अथवा कम इम्युनिटी होने पर लोगों को यह बीमार भी कर रही है। अस्पतालों में सर्दी-खांसी बुखार जैसी समस्या वाले मरीजों की संख्या काफी बढ़ी हुई है। इस बीच कुछ समय से स्वाइन फ्लू यानी एच1एन1 के मामले भी सामने आ रहे हैं। गौर करने वाली बात ये है कि इस खतरनाक संक्रमण के लगभग सभी मरीज निजी हास्पिटलों से सामने आए हैं। लंबे समय से बुखार नहीं छोड़ने के अलावा अन्य तरह की पुरानी बीमारियों के इलाज के अस्पताल जाने वालों की सर्दी-खांसी की जांच हो रही, जिसमें कई स्वाइन फ्लू पीड़ित मिल रहे हैं। इन मरीजों को जनरल वार्डों से दूर रखकर इलाज किया जा रहा है। इधर सरकारी अस्पतालों में सर्दी-खांसी बुखार जैसी समस्या लेकर आने वाले मरीजों का इलाज लक्षण आधार पर किया जा रहा है। वर्तमान में स्वाइन फ्लू के 6 एक्टिव केस रायपुर, धमतरी में 4, बिलासपुर-दुर्ग, रायगढ़ में 2-2, के अलावा कुछ अन्य जिलों में 1-1 एक्टिव केस हैं।

हरिभूमि लाइव

### राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या 20 के करीब, रायपुर में 6 सक्रिय

**अस्पतालों में सर्दी-खांसी बुखार जैसी समस्या वाले मरीजों की संख्या काफी बढ़ी हुई है**

**पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए अस्पताल आने वालों मरीजों की गंभीरता से जांच की जा रही**



### लक्षण ही नहीं, जांच में कोरोना जैसा

स्वाइन फ्लू के लक्षण करीब-करीब कोरोना जैसे हैं, इसका विस्तार भी कुछ उसी तरीके से होता है। स्वाइन फ्लू की जांच भी कोरोना जैसी सावधानी के साथ नाक के स्वाब के माध्यम से की जाती है। रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर, महासमुंद, बस्तर, कोरबा के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ एम्स में जांच की जाती है। इसके अलावा राजधानी के कई बड़े निजी अस्पतालों में भी स्वाइन फ्लू के टेस्ट की व्यवस्था है।

### नौ साल पहले ली थी कई जानें

स्वाइन फ्लू वर्ष 2017 के दौरान प्रदेश में जानलेवा साबित हुआ था। उस दौरान इस संक्रमण के सबसे ज्यादा केस दुर्ग-भिलाई में सामने आए थे। स्वाइन फ्लू नया था, जिसकी वजह से कई लोगों की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त सतर्कता के बाद इस संक्रमण को नियंत्रण में लाया गया। अभी की स्थिति में स्वाइन फ्लू के मामले सामने आते हैं, मगर उससे जान जाने वाली स्थिति नहीं बनती।

### दूसरे जिलों के मरीज भी

राजधानी रायपुर एक तरह से प्रदेश का मेडिकल हब है। यहां इलाज के लिए काफी संख्या में दूसरे जिलों से मरीज निजी अस्पतालों में आते हैं। शारीरिक जांच के दौरान उनमें संक्रमण की पुष्टि होने पर केस जिले के खाते में जुड़ जाता है, जिससे यहां के आंकड़े काफी ज्यादा नजर आते हैं। विभागीय स्तर पर ऐसे आंकड़ों को संबंधित जिलों में दर्ज करने का सिस्टम है, मगर इसमें में होने वाली देरी की वजह से आंकड़े रायपुर के होकर रह जाते हैं।

## हर साल खत्म नहीं होता 20 फीसदी मरीजों का इंतजार नेत्रदान अभियान अभी अधूरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मृत्यु के बाद किया जाने वाला नेत्रदान किसी के जीवन की रोशनी लौटा सकता है। हर साल विभाग अपने संसाधनों से नेत्रदान के करीब 80 फीसदी आंकड़े को पूरा कर पाता है। यानी हर साल 20 फीसदी मरीजों का इंतजार खत्म नहीं हो पाता है। वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग के पास पंजीकृत मरीजों की संख्या 1672 है जिन्हें रेटिना मिलने का इंतजार है। स्वास्थ्य विभाग का अमला 25 से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मना है। इस दौरान जागरूकता रैली, जनसंपर्क गतिविधियां, प्रचार-प्रसार कार्यक्रम तथा लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने वाले कार्यक्रम किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम की राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि ग्वालरे ने बताया कि एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो दृष्टिबाधित व्यक्तियों को दृष्टि का उपहार मिल सकता है। मृत्यु के बाद छह घंटे के भीतर नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी किया जाना आवश्यक है। इसके लिए परिजन नजदीकी नेत्र बैंक, मेडिकल कॉलेज अस्पताल या जिला चिकित्सालय से संपर्क कर सकते हैं। चिकित्सकीय टीम आवश्यकता के अनुसार संबंधित व्यक्ति के घर पहुंचकर भी नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी कर सकती है। यदि किसी व्यक्ति ने जीवनकाल में नेत्रदान की घोषणा नहीं की है, तब भी उसकी मृत्यु के बाद परिजन नेत्रदान कर सकते हैं। चश्मा पहनने वाले तथा नेत्र का ऑपरेशन करा चुके व्यक्ति भी नेत्रदान कर सकते हैं। हालांकि कुछ बीमारियों एवं संक्रमण की स्थिति में चिकित्सकीय जांच के आधार पर नेत्रदान की उपयुक्तता निर्धारित की जाती है।

- 1672 को रोशनी की प्रतीक्षा, स्वास्थ्य विभाग मना रहा जागरुकता पखवाड़ा

# मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में दो हत्याएं, महिला मजदूर का मर्डर, संपत्ति विवाद में पोते ने दादा को मारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार को दो हत्याओं का मामला सामने आया है। पेशे से मजदूरी करने वाला महिला की किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी। वहीं दूसरी घटना में संपत्ति विवाद के चलते युवक ने अपने दादा की हत्या कर दी। पोते को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। दादा की हत्या करने वाले पोते का पूर्व में किसी तरह से कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है।

जुगेसर के ऊपरखार में बसंती निषाद (26) नामक महिला की किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी। महिला की लाश गुरुवार को मिली। महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। घटनास्थल के पास टूटा हुआ सीमेंट पोल का टुकड़ा मिला है, जिस पर खून के निशान हैं। पुलिस को आशंका है कि इसी पोल से महिला के सिर और चेहरे पर वार कर हत्या की गई होगी। पुलिस के साथ फोरेंसिक और डाग स्क्वॉड की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के केस दर्ज किया गया है।

### दादा की हत्या के आरोप में पुलिस पोते को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ



### पोते ने दादा का मारा

एक अन्य घटना में शुक्रवार शाम तुलसी गांव में संपत्ति विवाद के कारण राहुल उर्फ खिलेंद्र धीवर का अपने दादा धनेश धीवर के साथ संपत्ति को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान पोता उग्र हो गया और उसने अपने दादा पर किसी नुकीली वस्तु से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल धनेश को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार के दौरान मौत हो गई। पोते को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

### रोज की तरह काम पर गई थी महिला

*पुलिस के अनुसार, बसंती निषाद करीब तीन-चार महीने से रायपुर सिटी कोतवाली के आसपास चावड़ी जाती थी। वह रोज बस या आटो से काम पर जाती और शाम करीब आठ बजे तक वापस घर लौट आती थी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को दोपहर करीब 1 बजे महिला अपने पति के साथ सिटी बस से निकली थी। मंदिर हसौद के पास उसका पति शराब पीने के लिए बस से उतर गया, जबकि बसंती काम करने के लिए आगे चली गई। इसके बाद वह रात तक घर वापस नहीं पहुंची। परिवार के लोग रात से ही उसकी तलाश कर रहे थे। दूसरे दिन महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। महिला के चेहरे, सिर तथा नाक पर चोट के निशान मिले हैं।*

## राज्यपाल ने किए प्रभु जगन्नाथ के दर्शन



**रायपुर।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका एवं फर्स्ट लेडी रानी डेका काकोटी ने आज रायपुर के गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं विधिवत पूजन-अर्चन कर रक्षासूत्र बांधा। राज्यपाल श्री डेका ने इस अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और आपसी सौहार्द्र का पावन पर्व है, जो समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुजराती ब्रह्म समाज ने किया चार बटुकों का उपनयन संस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ब्रह्म समाज ने पिछले 50 वर्षों से भी ज्यादा समय से चली आ रही परंपरा इस वर्ष भी कायम रखते हुए श्रावणी के अवसर पर चार बटुकों का उपनयन संस्कार किया, जिनमें एक बटुक धमतरी, एक कोरबा एवं दो बटुक रायपुर से शामिल रहे। पूरे विधि-विधान से यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। समाज की तरफ से तथा समाज के वरिष्ठ सदस्य रामानुज भाई पुरोहित एवं मनसुख भाई पंड्या ने सभी बटुकों को उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर ब्रह्म समाज द्वारा मुख्य अतिथि रामानुज भाई के आतिथ्य में एक वस्ती पत्रक का विमोचन भी किया गया। समाज के अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने कहा कि वस्ती पत्रक एक किताब नहीं है, बल्कि समाज का आईना है, जिसमें समाज के सभी छोटे-बड़े सदस्यों की जानकारी दी गई है, जिससे विवाहयोग्य पात्रों को एक-दूसरे के परिवार की जानकारी उपलब्ध हो जाती है। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक राकेश दवे, ललित जोशी समेत समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन हितेश व्यास ने किया।

## चाकू की नोक पर लूट तीन नाबालिग धरे गए

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में शराब दुकान के पास चाकू दिखाकर मारपीट और लूट करने वाले तीन नाबालिगों को पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, 500 रुपए नकद, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने तीनों से पूछताछ के बाद किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया।

जानकारी के मुताबिक, अभनपुर थाना क्षेत्र के बड़े उरला स्थित शराब दुकान के पास गेंदलाल ध्रुव से तीन अज्ञात नाबालिगों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। तीनों ने चाकू दिखाकर गेंदलाल से मारपीट की और उसका मोबाइल फोन तथा 500 रुपए नकद लूटकर मौके से फरार हो गए थे।

# देर रात स्टेशन रोड अंग्रेजी शराब दुकान में आग, लाखों की मदिरा जलकर खाक, तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गंज थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के सामने संचालित अंग्रेजी शराब दुकान में गुरुवार देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया। शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग लगने से अंदर रखी लाखों रुपए कीमत की शराब जलकर खाक हो गई। साथ ही बीयर रखने की फ्रिज भी आग की चपेट में आकर जल गई, जिससे फ्रिज के अंदर रखी बीयर भी नष्ट हो गई। घटना देर रात 1 बजे के आसपास की बताई जा रही है।



पुलिस के अनुसार, आग लगने की सूचना मिलने के तत्काल बाद मौके पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम आगजनी पर काबू पाने की कोशिश में जुट गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में कामयाबी हासिल की। आग पर तड़के 5 बजे के करीब पूरी तरह से काबू पाया जा सका। इस दौरान दुकान के अंदर रखी शराब की बोतलें फूट चुकी थीं। बताया जा रहा है कि शराब की वजह से आग ने विकराल रूप ले लिया। शराब स्प्रीट से बनी होती है। इस वजह से आग तेजी से फैली।

### आसपास के होटल खाली कराए गए

आग की तेज लपटों को देखते हुए आसपास के होटलों में ठहरे लोगों को बाहर निकाला गया और एहतियातन होटल भी खाली कराए गए। बाद में आबकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दुकान का शटर खोला गया। तब तक आग ने दुकान के अंदर रखी सरकारी अंग्रेजी शराब को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था। आग से कितना नुकसान हुआ है, इस संबंध में आबकारी अधिकारी का कहना है कि स्टॉक मिलान करने के बाद नुकसान के बारे में बता पाएंगे।

# जयंती पर याद किए गए मेजर ध्यानचंद



**रायपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ट्रेनिंग सेंटर रायपुर में हॉकी के जादूगर एवं पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर खेल दिवस समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में नगर निगम के जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर जोन अध्यक्ष ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की। इस अवसर पर हाई परफॉर्मेंस कोच केसी त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुरली शर्मा ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन अनुशासन, कठिन परिश्रम, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणादायी मिसाल है। उनके आदर्शों और पदचिह्नों पर चलकर हमारे युवा खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर देश और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ पर मानसून हुआ मेहरबान...औसतन 100 फीसदी से अधिक बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस मानसून सीजन में बारिश की स्थिति बेहद संतोषजनक बनी हुई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी वर्षा रिपोर्ट के अनुसार, 1 जून 2026 से 28 अगस्त 2026 तक राज्य में औसतन 855.9 मि.मी. बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो कि बीते 10 वर्षों के औसत 849.3 मि.मी. की तुलना में 100.8 प्रतिशत है। अकेले 28 अगस्त को ही प्रदेश भर में औसतन 6.4 मि.मी. बारिश दर्ज की गई। राज्य के विभिन्न संभागों और जिलों में बारिश का वितरण काफी विविधतापूर्ण रहा है, जहां कुछ जिलों में रिकॉर्ड तोड़ वर्षा हुई है वहीं कुछ इलाकों में अब भी मानसून की गति थोड़ी धीमी बनी हुई है।

खास खबर

## सरगुजा में सबसे अधिक बारिश

सरगुजा संभाग की बात करें तो बलरामपुर जिले में मानसून की सबसे अधिक मेहरबानी देखने को मिली है, जहाँ औसत की तुलना में 157.7 प्रतिशत यानी 1164.4 मि.मी. बारिश हो चुकी है और यहाँ आज भी सर्वाधिक 29.3 मि.मी. पानी बरसा। संभाग के अन्य जिलों जैसे सूरजपुर में 963.5 मि.मी. (109.6%), मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 920.0 मि.मी. (116.7%), कोरिया में 702.3 मि.मी. (89.9%) और जशपुर में 716.9 मि.मी. (86.9%) बारिश दर्ज की गई है, जहाँ आज 16.9 मि.मी. पानी गिरा। वहीं सरगुजा जिला अब भी वर्षा के मामले में थोड़ा पीछे है, जहाँ अब तक औसत की केवल 77.1 प्रतिशत (504.4 मि.मी.) ही बारिश हुई है।



## रायपुर-बिलासपुर में मानसून सक्रिय

मध्य छत्तीसगढ़ यानी रायपुर और बिलासपुर संभाग में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। प्रदेश में प्रतिशत के आधार पर सबसे अधिक 166.0 प्रतिशत बारिश सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में दर्ज की गई है, जहाँ कुल 1088.5 मि.मी. पानी बरसा है। रायपुर जिले में 920.0 मि.मी. (130.7%) और महासमुंद में 1017.9 मि.मी. (130.7%) बारिश के साथ आंकड़े बेहद मजबूत हैं। इसी क्रम में गरियाबंद में 989.2 मि.मी. (120.4%), बलौदाबाजार में 898.7 मि.मी. (114.4%) तथा धमतरी जिले में 833.6 मि.मी. (101.5%) बारिश हुई है। बिलासपुर संभाग में मुंगेली जिला 896.8 मि.मी. (120.5%) और जांजगीर-चांपा 1025.7 मि.मी. (114.6%) वर्षा के साथ आगे चल रहे हैं, जबकि बिलासपुर में 890.7 मि.मी. (109.2%), सक्ती में 846.2 मि.मी. (105.8%) वर्षा दर्ज हुई है।

## दुर्ग संभाग में मिला-जुला असर

दुर्ग संभाग के मैदानी इलाकों में बारिश का मिला-जुला असर दिख रहा है। बालोद जिले में सामान्य से अधिक 844.6 मि.मी. (108.2%) बारिश हो चुकी है, वहीं दुर्ग जिला 636.5 मि.मी. (100.4%) के साथ बिल्कुल सामान्य स्तर पर बना हुआ है। राजनांदगांव 698.0 मि.मी. (99.3%) और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई 583.5 मि.मी. (95.4%) के साथ सामान्य के आंकड़े को छू रहे हैं। हालांकि कबीरधाम में 550.1 मि.मी. (85.6%), बेमेतरा में 493.7 मि.मी. (78.2%) और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 689.3 मि.मी. (70.6%) वर्षा के साथ स्थिति थोड़ी धीमी बनी हुई है। दक्षिण छत्तीसगढ़ यानी बस्तर संभाग में नारायणपुर जिला 1260.9 मि.मी. (121.3%) बारिश दर्ज कर पूरे संभाग में सबसे आगे है, जहाँ आज भी 21.5 मि.मी. बारिश दर्ज की गई। दंतेवाड़ा जिले में 1063.2 मि.मी. (95.4%) बारिश के साथ जल स्तर बेहतर है। बीजापुर में कुल वर्षा का आंकड़ा 1213.9 मि.मी. पहुँच चुका है जो औसत का 80.0 प्रतिशत है, वहीं सुकमा में 846.1 मि.मी. (72.3%), कोण्डागांव में 758.9 मि.मी. (80.2%) और बस्तर जिले में 837.3 मि.मी. (77.8%) बारिश दर्ज की गई है। पूरे प्रदेश में औसतन प्रतिशत के लिहाज से सबसे कम वर्षा कांकेर जिले में 713.1 मि.मी. (65.6%) दर्ज की गई है, हालांकि यहाँ आज 12.5 मि.मी. बारिश दर्ज की गई जिससे आने वाले दिनों में स्थिति सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 898.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 29 अगस्त 2026 तक 898.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1131 मिमी, बलौदाबाजार में 1032.2 मिमी, पलारी में 958.7 मिमी, लवन में 872 मिमी, सुहेला 849.1 मिमी, सिमगा में 830.8 मिमी, कसडोल 842.3 मिमी, भाटापारा में 832.4 मिमी एवं सोनाखान 739.6मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 8088.1 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 898.7 मिमी है।

### सेमरिया के साहिल जांगड़े का एमबीबीएस के लिए चयन

**गोपालपुर।** सेमरिया के साहिल



जांगड़े पिता अर्जुन लाल जांगड़े शिक्षक ने नीट 2026 में अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण कर अंचल को गौरान्वित किया है। साहिल की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर सरसीवा से हुई। बचपन से मेधावी छात्र रहे साहिल का चयन कई प्रतिष्ठित संस्थान जैसे विवेकानंद विद्यापीठ, जवाहर नवोदय विद्यालय, बीएचयू बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के लिए भी हुआ था। अपने गांव का पहला एमबीबीएस डॉक्टर बनने जा रहे। साहिल का चयन, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर के लिए हुआ है।

## पेज 9 के शेष

### जुनून को हकीकत...

और व्यवहार से विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल बन सकते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए जुनून पैदा करने की प्रेरणा दी। राज्यपाल ने कहा कि जुनून को हकीकत में बदलने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है। लगातार प्रयास करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने नई शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता हासिल करने और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक है। शिक्षा व्यक्तित्व विकास के साथ बौद्धिक क्षमता बढ़ाती है तथा आजीविका के लिए आवश्यक हुनर प्रदान करती है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत राज्यपाल रमेन डेका ने विद्यालय परिसर में अपनी मां स्वर्गीय चम्पावती डेका की स्मृति में अमलतास का पौधा रोपा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पौधरोपण किया। राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।

### गांजा तस्करी का...

जानकारी मिलते ही पन्नालाल फरार हो गया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी पन्नालाल ग्राम जलसों में आया हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर पन्नालाल पारधी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साले जागेश्वर पारधी के साथ मिलकर गांजा का अवैध विक्रय एवं परिवहन करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**पर्व :** गीतों और बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा, बड़ों का लिया आशीर्वाद

# महानदी के त्रिवेणी संगम में हुआ भोजली विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिधौरी सहित अंचल के गांवों में बाजे गाजे एवं भजन कीर्तन मंडली के साथ देर रात शनिवार को महानदी के त्रिवेणी संगम में भोजली विसर्जन किया गया । छत्तीसगढ़ का पारंपरिक और लोक प्रकृति से जुड़ा महापर्व 'भोजली' रक्षाबंधन के ठीक अगले दिन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर ग्राम गिधौरी से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में महिलाओं और युवतियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक भोजली गीतों की गूंज और बाजे-गाजे के साथ माता भोजली को नम आंखों और मंगलकामनाओं के साथ नदी और तालाबों में विसर्जित किया गया। मुख्य आकर्षण और परंपराएं शोभायात्रा और गीतः विसर्जन से पहले महिलाओं ने अपने सिर पर भोजली की टोकरी रखकर पारंपरिक गीत 'देवी गंगा लहर तुरंगा...' गाए।

नाचते-झूमते हुए श्रद्धालुगण स्थानीय नदी या तालाब के घाटों तक पहुंचे। फसल की कामना सावन मास में बोए गए इन हरे-भरे पौधों भोजली की पूजा कर अच्छी फसल, सुख-समृद्धि और गांव की रक्षा की प्रार्थना की गई। मितान और मित्रता की परंपराः विसर्जन के बाद भोजली के पौधों को एक-दूसरे के कानों में खोंच कर और गले मिलकर लोगों ने अटूट मित्रता यानी 'मितान' या 'सखी' का रिश्ता मजबूत किया।

बड़े-बुजुर्गों को भोजली देकर आशीर्वाद लिया गया और एक-दूसरे को प्रसाद बांटा गया। घर वापसी और पूजनः विसर्जन के बाद कुछ भोजली के हिस्सों को सुरक्षित वापस लाकर घर और मंदिर के देवी-देवताओं को अर्पित किया गया, ताकि सालभर घर में बरकत बनी रहे। यह पर्व छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति, आपसी भाईचारे और प्रकृति के प्रति प्रेम का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो आज भी उतनी ही तन्मयता के साथ निभाया जा रहा है।



## धनसीर में धूमधाम से किया गया भोजली विसर्जन



**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की पारंपरिक लोक पर्व भोजली प्रत्येक वर्ष सावन महीने के शुक्ल पक्ष पंचमी के दिन गेहूँ या जौ को भिगोकर टोकरी या बर्तन में बोया जाता है पूरे नौ दिनों तक विधि विधान से पूजा की जाती है और इस अवसर पर भोजली गीत भी गाए जाते हैं और भाद्र माह के प्रतिपदा के दिन यानि रक्षाबंधन के दूसरे दिन विसर्जन किया जाता है। इस त्यौहार में महिला, पुरुष तथा बच्चे भाग लेते हैं।

यह त्यौहार मित्रता तथा अच्छी फसल के लिए मनाया जाता है।ग्राम धनसीर के विभिन्न मुहल्लों से कन्या एवं महिलाएं सिर में भोजली रखकर ग्राम के विभिन्न मोहल्लों से बाजे गाजे के साथ कन्या एवं महिलाओं द्वारा सिर में भोजली धारण कर समूह में ग्राम के हृदय स्थल कहे जाने वाले प्रज्ञा चौक में एकत्र हुए। ग्राम पंचायत धनसीर के सरपंच एवं उपसरपंच तथा पंचगणों की उपस्थिति में पूर्व उपसरपंच सुरेशकुमार अग्रवाल के हाथों प्रत्येक सभी समूहों को 500 रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया तत्पश्चात प्रज्ञा चौक से एक साथ निकलकर ठाकुर तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर कार्तिकेश्वर चौहान सरपंच, जानसिंह कंवर उपसरपंच, मिलवंतीन, रजनी साहू, पार्वती साहू, विमला कंवर, रजनी नेताम, कौशल साहू, भरत सारथी, लोकेश राय, दर्शन सिदार पंचगण तथा ग्राम बैगा बिहारी लाल गहीर, धनाऊ साहू, मिट्ठूलाल कंवर, रोहित साहू, अजय सिंह नेताम, मदन तोमर सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सेजेस बिलाईगढ़ की छात्रा आराधना का राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सेजेस बिलाईगढ़ की कक्षा 7वीं की होनहार छात्रा आराधना रत्नाकर, पिता श्री संतोष रत्नाकर, ने जूडो खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय सहित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का नाम रोशन किया है। आराधना का चयन राज्य स्तरीय (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दिनांक 18 अगस्त को पीएम श्री सेजेस कन्या विद्यालय, बिलासपुर में आयोजित संभाग स्तरीय एसजीएफआई प्रतियोगिता में अंडर-14 बालिका वर्ग में आराधना ने उत्कृष्ट खेल कौशल और दमदार प्रदर्शन का परिचय देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की की। अब आराधना 30



अगस्त को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दुर्ग जिले के लिए रवाना होंगी। वह बिलासपुर संभाग की ओर से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले एवं सेजेस बिलाईगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। आराधना की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक-कर्मचारी और क्रीड़ा प्रभारी ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि आराधना राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और विद्यालय का गौरव बढ़ाएंगी। आराधना की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के दम पर छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी राज्य स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

# दिव्यांग खिलाड़ियों का जज्बा प्रेरणादायी : नितेश




**हथबंद।** विगत दिनों रायगढ़ में स्थित अग्रोहा धाम में 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजितद्वितीय राज्य स्तरीय पारा योगासन प्रतियोगिता में पुरुषोत्तम निषाद ने महत्वपूर्ण निर्णायक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से 150 से अधिक दिव्यांग योग खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी योग प्रतिभा, आत्मविश्वास और अदम्य जज्बे का शानदार प्रदर्शन किया। पुरुषोत्तम निषाद इस प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक के दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और खेल भावना के साथ किया। उन्होंने खिलाड़ियों के योगासन प्रदर्शन, संतुलन, शारीरिक नियंत्रण, तकनीक एवं प्रस्तुति का निर्धारित नियमों के अनुरूप मूल्यांकन किया। इस अवसर पर नितेश कुमार पटेल ने कहा कि दिव्यांग योग खिलाड़ियों का आत्मविश्वास, अनुशासन और संघर्ष की भावना समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी शारीरिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए जिस उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, वह वास्तव में सराहनीय और प्रेरणादायी है। उन्होंने सभी दिव्यांग योग खिलाड़ियों के जज्बे को सलाम करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी गई।

# खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हाकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। सौम्या पटेल और पावनी वर्मा 9 वी छात्राओं ने ब्लैक बोर्ड में खेलो से संबंधित चित्रकारी किए। इस अवसर पर प्राचार्य एच के वर्मा ने कहा की मेजर ध्यानचंद अदभुत प्रतिभा के धनी थे, उन्होने हाकी में




भारत का नाम रोशन किया। व्याख्याता एम के वैष्णव ने कहा की आप लोग भी खेलो में भाग लेकर अपने विद्यालय ओर अपनी प्रतिभा को निखार सकते है। इस अवसर पर प्राचार्य एच के वर्मा, व्याख्याता एमके वैष्णव, रेखा वर्मा, डाकेश यदु सहित शालानायक अकुंश साहू, मोहनीश निराला, वंदना बंजारे, पावनी वर्मा, सौम्या पटेल सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
पाइल्स का इलाज, एक लेप, द्वारा मस्से को गला कर जड़ से इलाज किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव में मनाया गया ग्रीन डे और रक्षाबंधन

**खरोरा।** एबीसी पब्लिक स्कूल, सारागांव में ग्रीन डे एवं रक्षाबंधन पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत राखी मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कला का सुंदर प्रदर्शन करते हुए आकर्षक राखियां तैयार कीं। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को सम्मानित करते हुए विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर सद्भावना और प्रेम का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक मूल्यों की शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

### सांसद बृजमोहन को बहनों ने बांधे रक्षासूत्र



**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को अपने परिवार की तीन पीढ़ियों के साथ हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर परिवार में उत्सव और खुशी का माहौल रहा। बहनों ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनके स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की। रक्षाबंधन के अवसर पर भाई-बहन के स्नेह और प्रेम की परंपरा को निभाते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने भी अपनी बहनों का चरण वंदन कर उनका आशीर्वाद लिया।

## निधन

### कमला देवी मोटवानी



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा सिंधी कैंप वार्ड क्रमांक 16 निवासी स्व. गोपीचंद मोटवानी की पत्नी कमलादेवी मोटवानी उम्र 68 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सार्वजनिक सिंधी श्मशान घाट में किया गया था। वे राजेश, मुकेश मोटवानी की माताएवं चांदीराम, मंघाराम, दौलतराम मोटवानी की भाभी थी।

### मोहन सिंह राजपूत



**तिल्दा नेवरा।** नेवरा निवासी पत्रकार मोहन राजपूत 63 साल का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नेवरा सार्वजनिक अग्रवाल शमशान घाट में किया गया। वे शंकर सिंह राजपूत के बड़े भाई थे। वे पिछले दो दशक से समाचार पत्र के संवाददाता थे, उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### अंचल में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का महापर्व

# रक्षाबंधन पर राखी से सजे भाइयों के हाथ, बहनों ने मांगी समृद्धि की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को खरोरा अंचल में पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर खासा उत्साह नजर आया। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और उनके सुख, समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट करते हुए जीवन भर उनकी रक्षा, सम्मान और सहयोग का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी विशेष रौनक रही। पर्व से पहले ही राखियों, मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दी। रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों ने लोगों का ध्यान खींचा। बहनों ने अपने भाइयों के लिए पसंदीदा राखियां खरीदीं, वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों के लिए उपहार और मिठाइयों की खरीदारी की। पर्व के दिन सुबह से ही घरों में उत्सव जैसा माहौल रहा। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाने के बाद उनकी कलाई पर राखी बांधी। राखी बांधने के बाद भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनके प्रति अपने प्रेम और जिम्मेदारी को व्यक्त किया। कई परिवारों में दूर रहने वाले भाई-बहन भी रक्षाबंधन मनाने के लिए अपने पैतृक घर पहुंचे, जिससे परिवारों में खुशी का माहौल रहा। रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास और पारिवारिक रिश्तों को मजबूत करने का अवसर भी है।

## अंचल में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

**पलारी।** सावन मास की पूर्णिमा के अवसर पर भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पावन पर्व शनिवार को पूरे अंचल में हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्सवी माहौल देखने को मिला। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुख, समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा करने का संकल्प लेते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी विशेष रौनक रही। विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी राखियों, मिठाइयों एवं पूजा सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक सभी में पर्व को लेकर उत्साह नजर आया। सुबह से ही बहनें सज-धजकर अपने भाइयों के घर पहुंचीं और पारंपरिक रूप से राखी बांधकर भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत किया। इसी कड़ी में ग्राम गिद्धपुरी एवं भवानीपुर में भी रक्षाबंधन का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। गांव में सुबह से ही घर-घर में रक्षाबंधन की तैयारियां चलती रहीं। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। इसके बाद भाइयों को मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाल जीवन की कामना की। वहीं ग्राम बिनौरी में भी रक्षाबंधन पर्व को लेकर खासा उत्साह रहा। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट कर हमेशा साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर पूरे अंचल में भाई-बहन के प्रेम और आपसी स्नेह की झलक देखने को मिली। पर्व ने परिवारों को एक साथ आने और रिश्तों में मिठास घोलने का संदेश दिया।



## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खरोरा केंद्र में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**खरोरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खरोरा सेंटर में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर संस्था से जुड़े भाई-बहनों के साथ-साथ नगर के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। नगर पंचायत खरोरा के अध्यक्ष, पार्षदों एवं पत्रकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, उपाध्यक्ष सुमीत सेन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन, पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, पूर्व अध्यक्ष अरविंद देवांगन, गजेन्द्र रथ वर्मा, रोहित वर्मा, पार्षद राहुल मरकाम एवं जयप्रकाश वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक ब्रह्माकुमारी केंद्र पहुँचे और रक्षा सूत्र बंधवाकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी उमा दीदी ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं नगरवासियों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएँ दीं। बीके सावित्री बहन ने उपस्थित लोगों से संकल्प पत्र भरवाया, वहीं बीके सुनीता बहन ने सभी का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में बीके सुशीला वर्मा, वेदराम मनहरे, सुरेंद्र वर्मा, नरेंद्र सिंह ठाकुर, संजीव देवांगन, संजय अग्रवाल, संदीप, विशाल, विनोद वर्मा, भरत वर्मा, पवन भाई, गुलाब विश्वकर्मा सहित संस्था के सदस्य एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। रक्षाबंधन के इस आयोजन में भाई-बहन के पवित्र प्रेम के साथ-साथ आध्यात्मिक मूल्यों, आत्मिक भाईचारे और समाज में सद्भावना का संदेश दिया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।







### मूरा में रक्षाबंधन मनाया गया



**बंगोली।** ग्राम मूरा में रक्षाबंधन के त्यौहार पर बहन ने अपने भाई के कलाई पर सुरक्षा कवच के रुप मे राखी बांधी। इस कड़ी में छोटी बहन युवॉशी पाल ने भाई प्रशांत पाल, गितेश पाल को राखी बांधकर भाई को मिठाई खिलाई उपरॉत भाई ने बहन को उपहार स्वरूप भेंट प्रदान की।

### आरक्षी केंद्र खरोरा एवं राजीव नगर में संस्कार केंद्र की बहनों ने बांधा रक्षासूत्र



**खरोरा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर दिनांक 27 अगस्त 2026, गुरुवार को हर वर्ष की भाँति खरोरा संस्कार केंद्र की बहनों द्वारा आरक्षी केंद्र खरोरा एवं संस्कार केंद्र, राजीव नगर खरोरा में रक्षा सूत्र बाँधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आरक्षी केंद्र के टी.आई. भारद्वाज सर सहित समस्त स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ। बहनों ने भाई-बहन के पवित्र प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के प्रतीक रक्षा सूत्र बाँधकर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान टीआई भारद्वाज सर ने इस पुनीत एवं सामाजिक कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए संस्कार केंद्र की बहनों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पंसारी दीदी, डड़सेना दीदी, संतोषी दीदी, चंचल चक्रधारी दीदी एवं कल्पना देवांगन दीदी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### रक्षाबंधन पर विद्यालय में रक्षा सूत्र कार्यक्रम



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में रक्षाबंधन का पर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्या दीदियों ने विद्यार्थियों को रक्षा सूत्र बांधा। वहीं बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर, आचार्यगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य श्री पाटकर ने सभी बहनों को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र स्नेह, प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# संस्कृति और संस्कार की सुरक्षा के लिए संस्कृत शिक्षा जरूरी : उमा वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकास खंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में शासन के निर्देशानुसार संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य उमा वर्मा कही कि संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है जितने भी धर्म शास्त्र वेद पुराण रामायण उपनिषद् महाभारत आदि ग्रंथों की रचना संस्कृत भाषा में हुई है। संस्कृत अति प्राचीन देववाणी सरल सरस सुबोध भाषा है इस भाषा का पठन-पाठन हर दृष्टिकोण से लाभप्रद है। व्याख्याता विजय कुर्रे ने कहा कि संस्कृत संकल्प का विषय है विकल्प का नहीं अर्थात संस्कार परक भाषा संस्कृत को हर हाल में छठवीं से बारहवीं तक अनिवार्य की जाए।



### नैतिक आचरण के लिए संस्कृत आवश्यक

डॉ. कोमल वैष्णव ने कहा कि संस्कृत उपदेश परक संस्कार परक और वैज्ञानिकता की अभिवृद्धि करने वाली भाषा इसका ज्ञान सभी मानव के लिए अत्यावश्यक है इसके बिना आदर्श आचरण की स्थापना या कल्पना निसंदेह असंभव ही है। प्रतिवर्ष शैक्षणिक शिक्षण संस्थाओं में संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम मनाए जाने का शासनादेश निश्चित रूप से प्रशंसनीय है इससे संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम में बच्चों ने संस्कृत संभाषण गीत श्लोक वाचन सूक्तियां आदि प्रस्तुत किए। जयतु जयतु -संस्कृत भाषा, वदतु वदतु संस्कृत भाषा के नारों से विद्यालय गूंज उठा। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से प्राचार्य उमा वर्मा, व्याख्याता मनोज वर्मा, स्वतंत्रत सरसीहा प्राध्यापक, अम्बिकापुर डॉ. कोमल वैष्णव, विजय कुमार कुर्रे, देवेन्द्र लहरे, पीके साहू, अरविंद ध्रुव, रविशंकर साहू, दुर्गेश घृतलहरे, कमल कोसले, सुदेश विश्वकर्मा, योगेश वर्मा, रश्मि ठाकुर, योगेश्वरी, धुरंधर, महेश्वरी वर्मा, पूजा जायसवाल, गीता श्रेय, गीतिका प्रधान, प्रकाश चन्द्र, धेनुसेवक सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# सर्व ब्राह्मण समाज का श्रीरामचरितमानस मास पारायण पाठ का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ समाजजनों ने किया मानस का अमृतपान

सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से पवित्र सावन मास के अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी एक माह तक श्रीरामचरितमानस मास पारायण पाठ का आ यो ज न किया गया। पूरे माह चले इस धार्मिक आयोजन में समाज की महिला, युवा एवं पुरुष वर्ग ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। प्रतिदिन मानस पाठ के श्रवण से समाज में आध्यात्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बना रहा। मास पारायण का आयोजन प्रतिदिन शाम 5 से 6 बजे तक किया गया। इस दौरान पंडित विष्णु धर दीवान ने मधुर वाणी एवं सरल व्याख्या के माध्यम से श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों और विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण विश्लेषण किया। उन्होंने मानस की चौपाइयों में निहित भावार्थ एवं शब्दों के अर्थ को सहज ढंग से श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। इससे उपस्थित समाजजनों ने पूरे मनोयोग से पाठ का श्रवण किया। आयोजन के दौरान पंडित आशुतोष शर्मा ने भी एक दिन गद्दीनशीन होकर श्रीरामचरितमानस का पाठ किया।



### हवन-पूजन के साथ हुआ समापन

मास पारायण के अंतिम दिवस हवन-पूजन का आयोजन किया गया। सुशील तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी सरस्वती तिवारी ने विधि-विधान से हवन एवं पूजन संपन्न कराया। इसमें समाज के सदस्यों ने आहुति देकर समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगल की कामना की। पूरे माह चले आयोजन में पंडित श्याम शुक्ला, विष्णु धर दीवान, सुशील तिवारी, नरेंद्र शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, सुरेश चंद द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, वीके मिश्रा, संजय शर्मा, सुरेंद्र वाजपेयी, मनोज दुबे, तरण ठाकुर, शिवनरेश मिश्रा, आर्यन शुक्ला, देवेंद्र कश्यप, ऋचा द्विवेदी, श्रद्धा दुबे, ममता शुक्ला, बबली दुबे, शशि शुक्ला, सरस्वती तिवारी, कीर्ति शर्मा, करुणा दुबे, पिंकी मिश्रा, वेद प्रकाश अवस्थी, आशुतोष शर्मा, रामाकांत झा, द्वारिका शास्त्री सहित अनेक समाजजन नियमित रूप से शामिल हुए।

### राज्यपाल ने ली जागरूकता की सेल्फी, साइबर अपराध के खिलाफ दिया संदेश

# ओटीपी, पिन और पासवर्ड मांगने वालों से सावधान रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आम लोगों को ऑनलाइन ठगी एवं डिजिटल फ्रॉड से बचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'साइबर जागृति अभियान' को जनभागीदारी से जोड़ने की पहल की गई है। अभियान के तहत 'जागरूकता की एक सेल्फी' पहल शुरू की गई है। इसी क्रम में राज्यपाल रमेन डेका, राज्य की प्रथम महिला तथा राज्यपाल के एडीसी उदित पुष्कर (आईपीएस) ने शनिवार को ग्राम चांपा प्रवास के दौरान अभियान में भाग लेकर जागरूकता की सेल्फी ली। छत्तीसगढ़ पुलिस का यह विशेष अभियान 15 अगस्त से 2 अक्टूबर 2026 तक 'साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़' के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है। ग्राम चांपा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने आधिकारिक पोस्टर पर उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन कर 'जागरूकता की एक सेल्फी' ली। उन्होंने आम नागरिकों और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में अभियान से जुड़ने तथा साइबर अपराध के प्रति स्वयं जागरूक होने के साथ दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।




### ऐसे जुड़ सकते हैं अभियान से

पुलिस के अनुसार अभियान में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस के आधिकारिक बैनर या पोस्टर पर दिए गए क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन करना होगा। इसके बाद उपलब्ध लिंक या फ्रेम के माध्यम से जागरूकता की सेल्फी लेकर उसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया जा सकता है। इसका उद्देश्य साइबर सुरक्षा के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक




### डिजिटल अरेस्ट से रहें सावधान

पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड को लेकर नागरिकों को सतर्क किया है। ठग पुलिस, सीबीआई या ट्राई अधिकारी बनकर अवैध पार्सल या आपराधिक प्रकरण में नाम होने का डर दिखाते हैं और वीडियो कॉल पर पीड़ित को डराकर पैसे की मांग करते हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन या वीडियो कॉल पर 'डिजिटल अरेस्ट' नहीं करती और न ही ऑनलाइन पैसे की मांग करती है।

### फर्जी लिंक और एपीके से बचें

शेयर बाजार या क्रिप्टो में कम समय में अधिक लाभ, पार्ट टाइम जॉब, बिजली बिल अपडेट या लॉटरी जीतने का झांसा देकर ठग संदिग्ध लिंक भेजते हैं। पुलिस ने अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा संदिग्ध एपीके फाइल डाउनलोड नहीं करने की सलाह दी है। अधिक मुनाफे के लालच में अनधिकृत ऐप के माध्यम से निवेश से भी बचने कहा गया है। इसी तरह बैंक अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट या एटीएम ब्लॉक होने का डर दिखाकर ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी और पासवर्ड हासिल करने की कोशिश की जाती है। पुलिस ने कहा कि बैंक कभी भी फोन पर ऐसी गोपनीय जानकारी नहीं मांगता। नागरिकों को अपनी वित्तीय एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने की अपील की गई है।

